रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 03/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** एक पारिस्थितिकी तंत्र में एक पोषी स्तर से दूसरे पोषी स्तर तक लगभग कितने प्रतिशत ऊर्जा स्थानांतरित होती है?

**Ans**
- ✗ A. 50%
- ✗ B. 1%
- ✗ C. 90%
- ✓ D. 10%

**Q.2** जब लेड (II) नाइट्रेट और पोटेशियम आयोडाइड के घोल को मिलाया जाता है, तो अभिक्रिया से निम्नलिखित में से किसका निर्माण होता है?

**Ans**
- ✗ A. लेड आयोडाइड का नारंगी अवक्षेप बनता है।
- ✓ B. लेड आयोडाइड का एक पीला अवक्षेप बनता है।
- ✗ C. लेड सल्फेट का एक पीला अवक्षेप बनता है।
- ✗ D. लेड आयोडेट का नारंगी अवक्षेप बनता है।

**Q.3** पादपों में धनात्मक गुरुत्वानुवर्तन संचलन (geotropism movement) के लिए ____________ उत्तरदायी है।

**Ans**
- ✗ A. जल
- ✗ B. रसायन
- ✗ C. प्रकाश
- ✓ D. गुरुत्व

**Q.4** रदरफोर्ड के किस प्रयोग से परमाणु नाभिक की खोज हुई?

**Ans**
- ✗ A. कैथोड किरण प्रयोग
- ✓ B. ऐल्फा-कण प्रकीर्णन
- ✗ C. बीटा-कण प्रकीर्णन
- ✗ D. प्रकाश-विद्युत प्रभाव

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, 2 के रूप में संयोजकता संख्या दर्शाने वाला सही उदाहरण है?

**Ans**
- ✗ A. अमोनियम और सल्फेट
- ✗ B. फॉस्फेट और नाइट्राइड
- ✗ C. सोडियम और सल्फेट
- ✓ D. सल्फेट और सल्फाइट

| Q.6 | पादपों में लैंगिक जनन द्वारा उत्पन्न विविधता के महत्व के संदर्भ में दिए गए कथनों को पढ़िए और सबसे अधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।<br><br>कथन **A:** जनन, प्रजातियों की जनसंख्या के स्थायित्व से संबंधित है।<br>कथन **B:** इस प्रकार, समय के साथ प्रजातियों की उत्तरजीविता के लिए विविधता उपयोगी नहीं है। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. कथन A सही है, लेकिन कथन B गलत है |
| | ✘ B. कथन A गलत है, लेकिन कथन B सही है |
| | ✘ C. कथन A और कथन B दोनों गलत हैं |
| | ✘ D. कथन A और कथन B दोनों सही हैं |

| Q.7 | निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया द्वारा बेकिंग सोडा से धावन सोडा प्राप्त किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. बेकिंग सोडा में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल मिश्रित करके |
| | ✔ B. बेकिंग सोडा को गर्म करके जल से क्रिस्टलीकरण करके |
| | ✘ C. चूने के पानी के साथ बेकिंग सोडा को मिश्रित करके |
| | ✘ D. सूर्य के प्रकाश में बेकिंग सोडा का वाष्पीकरण करके |

| Q.8 | एक ध्वनि तरंग की आवृत्ति 4 kHz है और तरंगदैर्ध्य 15 cm है। 1.8 km की दूरी तय करने में इसे कितना समय लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 0.03 सेकंड |
| | ✘ B. 4 सेकंड |
| | ✔ C. 3 सेकंड |
| | ✘ D. 0.003 सेकंड |

| Q.9 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, थॉमसन के परमाणु मॉडल का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. परमाणु धनात्मक आवेश का एक गोला होता है जिसमें इलेक्ट्रॉन तरबूज के बीजों की भांति अंतर्निहित होते हैं। |
| | ✘ B. परमाणु में एक धनावेशित नाभिक होता है और इलेक्ट्रॉन उसके बाहर होते हैं। |
| | ✘ C. इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर निश्चित कक्षाओं में परिक्रमण करते हैं। |
| | ✘ D. परमाणु अधिकांशतः एक सघन नाभिक वाला रिक्त स्थान होता है। |

| Q.10 | किसी वस्तु की स्थितिज ऊर्जा किस पर निर्भर करती है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. इसकी स्थिति या विन्यास |
| | ✘ B. गति के दौरान इसकी चाल |
| | ✘ C. इसका तापमान |
| | ✘ D. इसका रंग और आकृति |

| Q.11 | अधिकांश कार्बन यौगिकों में सामान्यतः किस प्रकार का आबंधन पाया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. सहसंयोजक आबंधन |
| | ✘ B. हाइड्रोजन आबंधन |
| | ✘ C. आयनी आबंधन |
| | ✘ D. उपसहसंयोजी आबंधन |

| Q.12 | एकसमान वृत्तीय गति में वेग की दिशा क्या होती है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. वृत्त से दूर |
| | ✘ B. वृत्त के केंद्र की ओर |
| | ✔ C. वृत्त की स्पर्शरेखा के अनुदिश |
| | ✘ D. वृत्त की त्रिज्या के अनुदिश |

| Q.13 | महिलाओं में डिंबवाहिनी नली के अवरुद्ध होने पर क्या रोका जा सकता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. निषेचन (Fertilisation) |
| | ✘ B. प्रसव (Childbirth) |
| | ✘ C. आर्तव चक्र (Menstrual cycle) |
| | ✘ D. अंडा उत्पादन (Egg production) |

| Q.14 | विकासशील मानव भ्रूण द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट का निपटान निम्नलिखित में से किस अंग की सहायता से किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. वृषणकोश (Scrotum) |
| | ✘ B. डिंबवाहिनी नली (Fallopian tube) |
| | ✔ C. प्लैसेन्टा (Placenta) |
| | ✘ D. डिंबग्रंथी (Ovaries) |

| Q.15 | जीवद्रव्य झिल्ली (plasma membrane) के अतिरिक्त, निम्नलिखित में से कौन-सा बाहरी आवरण पादप कोशिकाओं में मौजूद होता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. तारककेंद्र |
| | ✔ B. कोशिका भित्ति |
| | ✘ C. कोशिकाद्रव्य |
| | ✘ D. केंद्रकीय झिल्ली |

| Q.16 | एक कोशिका विभाजित होकर दो समान संतति कोशिकाएँ बनाती है, जिनमें से प्रत्येक में गुणसूत्र संख्या जनक कोशिका के समान होती है। इसे किस प्रकार का कोशिका विभाजन कहते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. मुकुलन (Budding) |
| | ✘ B. अर्धसूत्रीविभाजन (Meiosis) |
| | ✘ C. कोशिकाद्रव्य-विभाजन (Cytokinesis) |
| | ✔ D. समसूत्री विभाजन (Mitosis) |

| Q.17 | वह प्रक्रिया क्या कहलाती है, जिसमें श्वेत प्रकाश विभिन्न रंगों में विभक्त हो जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. परावर्तन (Reflection) |
| | ✘ B. अपवर्तन (Refraction) |
| | ✘ C. प्रकीर्णन (Scattering) |
| | ✔ D. विक्षेपण (Dispersion) |

| Q.18 | 220 V पर चलने वाला एक विद्युत इस्त्री, अपने अधिकतम तापन पर 840 W की दर से ऊर्जा की खपत करता है। इस्त्री में प्रयुक्त कुंडली का प्रतिरोध कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 47.6 Ω |
| | ✘ B. 55.6 Ω |
| | ✔ C. 57.6 Ω |
| | ✘ D. 50.6 Ω |

| Q.19 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन वायुमंडलीय अपवर्तन के लिए जिम्मेदार है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. वायु के अणुओं द्वारा प्रकाश का अवशोषण |
| | ✘ B. वायुमंडल द्वारा प्रकाश का परावर्तन |
| | ✔ C. वायु घनत्व में परिवर्तन के कारण प्रकाश का बंकन |
| | ✘ D. वायुमंडल में प्रकाश का प्रकीर्णन |

| | |
|---|---|
| Q.20 | यूकेरियोटिक कोशिकाओं में, चिकनी अंतर्द्रव्यी जालिका मुख्य रूप से _______ के लिए होता है। |
| Ans | ✗ A. आनुवंशिक जानकारी भंडारण |
| | ✗ B. शर्करा विघटन (Sugar breakdown) |
| | ✗ C. प्रोटीन संश्लेषण |
| | ✓ D. लिपिड संश्लेषण और विषहरण |

| | |
|---|---|
| Q.21 | 2 kg द्रव्यमान का एक पिंड 10 m/s के वेग से गतिमान है। 5 s के लिए 4 N का बल प्रयुक्त किया जाता है। अंतिम वेग ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 15 m/s |
| | ✗ B. 35 m/s |
| | ✗ C. 25 m/s |
| | ✓ D. 20 m/s |

| | |
|---|---|
| Q.22 | जब कोई अम्ल, धातु कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करता है, तो सामान्यतः कौन-सी गैस उत्पन्न होती है? |
| Ans | ✗ A. हाइड्रोजन गैस |
| | ✓ B. कार्बन डाइऑक्साइड गैस |
| | ✗ C. नाइट्रोजन गैस |
| | ✗ D. ऑक्सीजन गैस |

| | |
|---|---|
| Q.23 | चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? |
| Ans | ✓ A. वे चुम्बक के अंदर और बाहर बंद लूप बनाती हैं |
| | ✗ B. वे केवल चुम्बक के केंद्र से निकलती हैं |
| | ✗ C. वे सदैव प्रतिच्छेद करती हैं |
| | ✗ D. वे आवेशित कणों का पथ दर्शाती हैं |

| | |
|---|---|
| Q.24 | अयस्क से अवशेषांश (गैंग) को हटाने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया उनके रासायनिक या भौतिक गुणों के अंतर के आधार पर कार्य करती है और इसे अयस्कों का ______ कहा जाता है। |
| Ans | ✗ A. रंजन (colouring) |
| | ✗ B. भारण (weighing) |
| | ✗ C. पॉलिशन (polishing) |
| | ✓ D. समृद्धिकरण (enrichment) |

| | |
|---|---|
| Q.25 | यदि पृथ्वी की सतह पर मापे जाने पर किसी वस्तु का भार 60 N है, तो चंद्रमा की सतह पर मापे जाने पर उसका लगभग भार कितना होगा? |
| Ans | ✗ A. 60 N |
| | ✗ B. 360 N |
| | ✓ C. 10 N |
| | ✗ D. 15 N |

Section : **Mathematics**

| | |
|---|---|
| Q.26 | एक त्रिभुज की भुजाएँ 30 cm, 63 cm और 51 cm हैं। 63 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसकी ऊँचाई की लंबाई कितनी है? |
| Ans | ✓ A. 24 cm |
| | ✗ B. 3 cm |
| | ✗ C. 57 cm |
| | ✗ D. 48 cm |

| Q.27 | एक कक्षा के 36 विद्यार्थियों की औसत आयु 12 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 13 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 49 |
| | ✗ B. 50 |
| | ✗ C. 52 |
| | ✗ D. 55 |

| Q.28 | एक पाइप एक टैंक को 9 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 90 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टैंक खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो टैंक का आधा हिस्सा भरने में कितने मिनट लगेंगे? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 11 |
| | ✔ B. 5 |
| | ✗ C. 6 |
| | ✗ D. 10 |

| Q.29 | $\frac{(0.026)^3 - (0.02)^3}{(0.026)^2 + 0.00052 + (0.02)^2}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 0.006 |
| | ✗ B. 0.0006 |
| | ✗ C. 0.6 |
| | ✗ D. 0.06 |

| Q.30 | ₹2,600 की राशि पर 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹4,363 |
| | ✗ B. ₹3,441 |
| | ✗ C. ₹2,950 |
| | ✔ D. ₹3,744 |

| Q.31 | अमन और योगिता ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹52,200 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹5,800 के कुल लाभ में से, अमन का हिस्सा ₹1,700 था। अमन का निवेश कितना था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹15,490 |
| | ✗ B. ₹16,620 |
| | ✔ C. ₹15,300 |
| | ✗ D. ₹13,695 |

| Q.32 | आठ वर्ष पहले, A की आयु B से तीन गुनी थी। आठ वर्ष बाद, A की आयु B से दोगुनी होगी। A की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 60 वर्ष |
| | ✔ B. 56 वर्ष |
| | ✗ C. 52 वर्ष |
| | ✗ D. 64 वर्ष |

| Q.33 | यदि X और 250 का माध्यानुपाती 50 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 12 |
| | ✔ B. 10 |
| | ✗ C. 13 |
| | ✗ D. 8 |

| Q.34 | सात क्रमागत विषम संख्याओं का औसत (बढ़ते क्रम में) 51 है। उनमें सबसे छोटी विषम संख्या कौन-सी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 41 |
| | ✗ B. 43 |
| | ✓ C. 45 |
| | ✗ D. 47 |

| Q.35 | मनोज को 50% की छूट पर एक नया पर्दा मिला। यदि मनोज को कोई छूट नहीं मिलती, तो उसे ₹251 अतिरिक्त देने पड़ते। मनोज ने पर्दे के लिए कितना भुगतान किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹252 |
| | ✗ B. ₹250 |
| | ✓ C. ₹251 |
| | ✗ D. ₹253 |

| Q.36 | 100 आदमियों के लिए 13 हफ़्तों का राशन की व्यवस्था है। जब 30 और आदमी उनके साथ जुड़ जाते हैं तब यह राशन कितने हफ़्तों तक चलेगा? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 10 |
| | ✗ B. 8 |
| | ✗ C. 12 |
| | ✗ D. 14 |

| Q.37 | अभिजीत अपनी सामान्य चाल की $\frac{3}{7}$ चाल से चलने पर अपने कार्यालय 24 मिनट की देरी से पहुँचता है। उसे अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में सामान्यतः कितना समय लगता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 10 मिनट |
| | ✓ B. 18 मिनट |
| | ✗ C. 26 मिनट |
| | ✗ D. 28 मिनट |

| Q.38 | एक घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई का अनुपात 5 : 3 : 2 है। यदि घनाभ का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 992 $m^2$ है, तो इसका आयतन ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 1,920 m3 |
| | ✗ B. 2,040 m3 |
| | ✗ C. 2,070 m3 |
| | ✗ D. 1,980 m3 |

| Q.39 | एक समचतुर्भुज के दो विकर्णों की लंबाई 10 cm और 24 cm है। इसके परिमाप की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 26 |
| | ✓ B. 52 |
| | ✗ C. 34 |
| | ✗ D. 13 |

| Q.40 | एक संख्या को दो भागों में इस प्रकार विभाजित किया गया है कि एक भाग दूसरे से 10 अधिक है। यदि दोनों भागों का अनुपात 7:5 है, तो छोटे भाग को x मानकर इस स्थिति को दर्शाने वाला समीकरण लिखिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5(10x + 1) = 7x |
| | ✗ B. 35(x + 10) = x |
| | ✓ C. 5(x + 10) = 7x |
| | ✗ D. 7(x + 10) = 5x |

| Q.41 | $\frac{1}{20}, \frac{10}{90}$ का कितना प्रतिशत है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 60% |
| | ✗ B. 90% |
| | ✗ C. 55% |
| | ✓ D. 45% |

| Q.42 | X व्यक्तियों को एक काम 34 दिनों में पूरा करने का ठेका दिया गया था। 3 व्यक्ति बीमारी के कारण काम पर नहीं आए, और शेष व्यक्तियों ने 35 दिनों में काम पूरा कर लिया। X का मान कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 103 |
| | ✗ B. 115 |
| | ✓ C. 105 |
| | ✗ D. 104 |

| Q.43 | अमित दो वस्तुएँ ₹360 प्रति वस्तु की दर से बेचता है। एक पर उसे 20% का लाभ होता है और दूसरी पर उसे 10% की हानि होती है। पूरे लेन-देन में लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए। [दशमलव के बाद दो स्थानों तक सही उत्तर दीजिए।] |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5.56% लाभ |
| | ✗ B. 4.56% हानि |
| | ✗ C. 5.56% हानि |
| | ✓ D. 2.86% लाभ |

| Q.44 | एक मीनार के शीर्ष का उसके पाद से 63 m दूर स्थित एक बिंदु से उन्नयन कोण 30° है। मीनार की ऊँचाई (m में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. $21\sqrt{3}$ |
| | ✗ B. $\frac{21}{\sqrt{3}}$ |
| | ✗ C. $\frac{18}{\sqrt{3}}$ |
| | ✗ D. $18\sqrt{3}$ |

| Q.45 | $(3x+7)^2-(3x-7)^2$ को सरल कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $48x$ |
| | ✗ B. $-84x$ |
| | ✗ C. $-48x$ |
| | ✓ D. $84x$ |

| Q.46 | यदि किसी संख्या के 20% को 84 में जोड़ा जाए, तो परिणाम वही संख्या होगी। उसी संख्या का 60% कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 83 |
| | ✗ B. 93 |
| | ✓ C. 63 |
| | ✗ D. 73 |

| Q.47 | एक वॉशिंग मशीन की कीमत एक टीवी की कीमत से 50% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत 62% बढ़ जाती है और टीवी की कीमत 33% कम हो जाती है, तो 6 वॉशिंग मशीनों और 2 टीवी की कुल कीमत में कितना प्रतिशत परिवर्तन होगा? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 24% की वृद्धि |
| | ✗ B. 27% की कमी |
| | ✗ C. 31% की कमी |
| | ✗ D. 19% की वृद्धि |

| Q.48 | दो संख्याओं का गुणनफल 63 है तथा उनका अंतर 7 है। दोनों संख्याओं के वर्गों का योगफल ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 112 |
| | ✗ B. 220 |
| | ✗ C. 130 |
| | ✓ D. 175 |

| Q.49 | एक उबर ऑटो 71 घंटे में 639 km की दूरी तय करता है। इसकी चाल km/hr में कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 4 |
| | ✓ B. 9 |
| | ✗ C. 19 |
| | ✗ D. 13 |

| Q.50 | एक कुर्सी का अंकित मूल्य ₹2,700 है, जो क्रय मूल्य से 35% अधिक है। इसे अंकित मूल्य पर 20% की छूट पर बेचा जाता है। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 7% |
| | ✗ B. 9% |
| | ✓ C. 8% |
| | ✗ D. 10% |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>17 B 17 C 324 A 9 D 22 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 310 |
| | ✗ B. 318 |
| | ✓ C. 303 |
| | ✗ D. 307 |

| Q.52 | A, B, C, R, S, T और U एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U के दाईं ओर से गिनने पर U और S के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C के दाईं ओर से गिनने पर R और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। S, C के ठीक दाईं ओर बैठा है। T, A के ठीक दाईं ओर बैठा है। B के दाईं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. T |
| | ✗ B. A |
| | ✗ C. S |
| | ✗ D. C |

| Q.53 | उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>JC-LE-NP<br>MF-OH-QS |
|---|---|
| Ans | ✗ A. PI-RK-TU |
| | ✓ B. PI-RK-TV |
| | ✗ C. OI-RK-TU |
| | ✗ D. OI-RL-TU |

| | |
|---|---|
| Q.54 | नीचे दी गई संख्या श्रृंखला को देखिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br>(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।)<br><br>(बाएं) 1 6 9 7 7 9 4 3 3 3 1 5 8 7 6 6 8 6 7 7 9 6 2 7 8 2 5 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या आती है? |
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✓ B. 3 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✗ D. 2 |

| | |
|---|---|
| Q.55 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'OMER' को '1834' के रूप में और 'DEMO' को '5148' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'D' के लिए कूट क्या है? |
| Ans | ✓ A. 5 |
| | ✗ B. 1 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✗ D. 8 |

| | |
|---|---|
| Q.56 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>1021 1023 1027 1033 1041 ? |
| Ans | ✗ A. 1053 |
| | ✗ B. 1049 |
| | ✓ C. 1051 |
| | ✗ D. 1055 |

| | |
|---|---|
| Q.57 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br>UMQ TLP SKO RJN ? |
| Ans | ✓ A. QIM |
| | ✗ B. QJM |
| | ✗ C. QIN |
| | ✗ D. QJN |

| | |
|---|---|
| Q.58 | उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(33, 495, 15)<br>(27, 648, 24) |
| Ans | ✗ A. (38, 41, 1) |
| | ✗ B. (30, 573, 19) |
| | ✓ C. (25, 575, 23) |
| | ✗ D. (8, 179, 22) |

| Q.59 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से FAEG का संबंध MHLN से है। उसी तरीके से, IDHJ का संबंध PKOQ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LGKM का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. NSTR |
| | ✓ B. SNRT |
| | ✗ C. NSRT |
| | ✗ D. SNTR |

| Q.60 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>50 A 10 C 2 B 7 D 6 = ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 13 |
| | ✗ B. 11 |
| | ✗ C. 14 |
| | ✗ D. 12 |

| Q.61 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>510 509 506 501 494 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 487 |
| | ✓ B. 485 |
| | ✗ C. 486 |
| | ✗ D. 484 |

| Q.62 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन: सभी पंखे, लाइट हैं। कुछ लाइटें, हीटर हैं। कुछ हीटर, गीजर हैं।<br><br>निष्कर्ष (I): कुछ पंखे, हीटर हैं।<br>निष्कर्ष (II): कुछ लाइटें, गीजर हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। |
| | ✗ C. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है। |
| | ✓ D. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। |

| Q.63 | श्रीमान Z, बिंदु A से चलना शुरू करते हैं और दक्षिण की ओर 12 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं, और 21 km गाड़ी चलाते हैं, फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 14 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 23 km गाड़ी चलाते हैं। अंत में वह दाएं मुड़ते हैं, और 2 km गाड़ी चलाकर बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) तक और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 km, पूर्व में |
| | ✓ B. 2 km, पश्चिम में |
| | ✗ C. 3 km, पूर्व में |
| | ✗ D. 4 km, दक्षिण में |

| Q.64 | सात डिब्बे, D, E, F, U, V, W और X, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। W के नीचे केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। W और U के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। U और E के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। X को V के ठीक ऊपर रखा गया है। F को D के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। D और X के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दो |
| | ✗ B. एक |
| | ✓ C. चार |
| | ✗ D. तीन |

| Q.65 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएँ एक अंकीय हैं।<br><br>(बाएं) 6 7 8 9 & 5 £ & $ £ $ 1 * * # * € 8 % 8 © 7 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद भी एक प्रतीक है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 4 |
| | ✗ B. 3 |
| | ✗ C. 6 |
| | ✗ D. 5 |

| Q.66 | F, G, H, I, M, N और O, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। O के बाएं से गिनने पर, I और O के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G, N के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। H, N के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। H, I के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। F, G का निकटतम पड़ोसी नहीं है। M के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. N |
| | ✗ B. O |
| | ✓ C. H |
| | ✗ D. F |

| Q.67 | सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। C और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F के बाईं ओर तीसरे स्थान पर A बैठा है। F के ठीक दाईं ओर पड़ोस में B बैठा है। B के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1 |
| | ✓ B. 2 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✗ D. 3 |

| Q.68 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी पेंसिल, क्रेयॉन हैं।<br>कुछ क्रेयॉन, बैटरी हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कुछ पेंसिल, बैटरी हैं।<br>(II): कुछ क्रेयॉन, पेंसिल हैं। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |
| | ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |

| Q.69 | अरुणा बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करती है और उत्तर दिशा में 11 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है, 10 km ड्राइव करती है, दाएं मुड़ती है और 21 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 5 km ड्राइव करती है। अंत में वह दाएं मुड़ती है, 10 km ड्राइव करती है और बिंदु P पर रुकती है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. उत्तर की ओर 6 km |
| | ✗ B. दक्षिण की ओर 5 km |
| | ✗ C. दक्षिण की ओर 4 km |
| | ✓ D. पश्चिम की ओर 5 km |

| Q.70 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>13 B 32 C 130 A 26 D 41 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 377 |
| | ✓ B. 380 |
| | ✗ C. 385 |
| | ✗ D. 369 |

| Q.71 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. SOK |
| | ✗ B. OKG |
| | ✓ C. PMH |
| | ✗ D. TPL |

| Q.72 | निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)<br><br>(बाएं) 6 4 3 2 7 6 4 9 9 6 5 4 9 7 6 8 3 5 1 5 1 2 4 8 9 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद में भी एक सम अंक है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. चार |
| | ✗ B. दो |
| | ✗ C. एक |
| | ✓ D. तीन |

| Q.73 | IN 5 एक निश्चित तरीके से KJ–2 से संबंधित है। उसी प्रकार GL 9, IH2 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, RW 11 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. TS 4 |
| | ✗ B. MK 7 |
| | ✗ C. YT 6 |
| | ✗ D. HY 4 |

| Q.74 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'<br>'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'<br>'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'<br>'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'<br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D – F ÷ G × H + J' है, तो D का J से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पुत्र की पत्नी के पिता के पिता |
| | ✗ B. पुत्र की पत्नी की माता का भाई |
| | ✗ C. पुत्र की पत्नी की माता के पिता |
| | ✓ D. पुत्र की पत्नी के पिता का भाई |

| Q.75 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br>313 304 295 286 277 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 271 |
| | ✗ B. 273 |
| | ✓ C. 268 |
| | ✗ D. 267 |

| Q.76 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।<br><br>(बाएं) © $ £ 7 3 @ £ 7 8 6 8 % 6 © 3 4 & € 9 @ 8 5 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद भी एक संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1 |
| | ✓ B. 3 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✗ D. 6 |

| Q.77 | सात बॉक्स B, C, D, I, J, K और L एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। L के ऊपर केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। J के ऊपर केवल एक बॉक्स रखा गया है। J और C के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। B को D के ठीक ऊपर रखा गया है। K को I के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। I और B के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. चार |
| | ✗ B. दो |
| | ✗ C. तीन |
| | ✗ D. एक |

| Q.78 | निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन-सा प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>IIM 2 JKL −11 KMK −24 ? MQI −50 |
|---|---|
| Ans | ✗ A. LLP −22 |
| | ✗ B. KLO −33 |
| | ✗ C. RTD −21 |
| | ✓ D. LOJ −37 |

| Q.79 | अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✓ A. PR - ML |
| | ✗ B. NP - KM |
| | ✗ C. RT - OQ |
| | ✗ D. JL - GI |

| Q.80 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'drinking is dangerous' को 'cd pk os' के रूप में, 'avoid dangerous habit' को 'os mp ls' के रूप में और 'please avoid drinking' को 'rk pk mp' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'dangerous' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ls |
| | ✗ B. mp |
| | ✔ C. os |
| | ✗ D. rk |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | दिल्ली-NCR में खराब वायु गुणवत्ता के कारण मई 2025 में निम्नलिखित में से किस प्राधिकरण ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) के चरण-I को लागू किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (DPCC), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली |
| | ✔ B. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) |
| | ✗ C. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) |
| | ✗ D. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) |

| Q.82 | निम्नलिखित में से किस शहर में यातायात पुलिस ने जुलाई 2025 में यातायात सिग्नलों पर वाहन चालकों के लिए ध्वनि प्रदूषण के संबंध में जागरूकता पैदा की? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. वारंगल |
| | ✗ B. चेन्नई |
| | ✗ C. लखनऊ |
| | ✗ D. जयपुर |

| Q.83 | 1 जनवरी 2025 को भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा लॉन्च किए गए ई-जागृति (e-Jagriti) प्लेटफॉर्म का मुख्य उद्देश्य क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अचल संपत्ति और सरकारी आवास सेवाओं का प्रबंधन करना |
| | ✗ B. डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना। |
| | ✔ C. उपभोक्ता शिकायत निवारण के लिए एकल इंटरफ़ेस प्रदान करना |
| | ✗ D. भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण और उपग्रह प्रक्षेपण का विस्तार करना |

| Q.84 | कौन-सा सिनेमा भारत की आधिकारिक ऑस्कर प्रविष्टि थी, लेकिन नॉमिनेट नहीं हो पाई, फिर भी मार्च 2025 में 10 IIFA पुरस्कार जीते? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. लापता लेडीज (Laapataa Ladies) |
| | ✗ B. राम सेतु (Ram Setu) |
| | ✗ C. डार्लिंग्स (Darlings) |
| | ✗ D. दि केरला स्टोरी (The Kerala Story) |

| Q.85 | जुलाई 2025 में, केरल स्वास्थ्य विभाग ने अपने दो जिलों में कुछ मामलों का पता चलने के बाद किस प्राणि जन्यरोग (zoonotic disease) के खिलाफ सतर्कता बढ़ा दी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. फाइलेरिया रोग (Filariasis) |
| | ✗ B. ट्यूबरकुलोसिस (Tuberculosis) |
| | ✗ C. मलेरिया (Malaria) |
| | ✔ D. निपाह (Nipah) |

| | |
|---|---|
| Q.86 | जून 2025 में 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद (Central Zonal Council) की बैठक की अध्यक्षता करने के लिए वाराणसी कौन आया था? |
| Ans | ✗ A. योगी आदित्यनाथ |
| | ✗ B. नरेंद्र मोदी |
| | ✓ C. अमित शाह |
| | ✗ D. राजनाथ सिंह |

| | |
|---|---|
| Q.87 | 7 अप्रैल को, विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 के लिए किस विषयवस्तु (थीम) को चुना गया? |
| Ans | ✗ A. सभी के लिए स्वास्थ्य (Health for All) |
| | ✓ B. स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य (Healthy beginnings, hopeful futures) |
| | ✗ C. हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य (Our Planet, Our Health) |
| | ✗ D. स्वास्थ्य सेवा में समानता (Equity in Healthcare) |

| | |
|---|---|
| Q.88 | निम्नलिखित में से कौन-सी, जनवरी 2025 में लॉन्च की गई भारत के जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (GSLV) की 17वीं उड़ान थी? |
| Ans | ✓ A. GSLV-F15 |
| | ✗ B. GSLV-F13 |
| | ✗ C. GSLV-F14 |
| | ✗ D. GSLV-F16 |

| | |
|---|---|
| Q.89 | जुलाई 2025 में, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने भारत सरकार के '_______ तक सभी के लिए बीमा' लक्ष्य को साकार करने हेतु भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की। |
| Ans | ✗ A. 2045 |
| | ✓ B. 2047 |
| | ✗ C. 2040 |
| | ✗ D. 2035 |

| | |
|---|---|
| Q.90 | भारत और किर्गिस्तान के बीच पूर्व द्विपक्षीय निवेश संधि (BIT), जिसे 2025 में प्रतिस्थापित किया गया, मूल रूप से किस वर्ष लागू हुई थी? |
| Ans | ✗ A. 2019 |
| | ✗ B. 2021 |
| | ✓ C. 2000 |
| | ✗ D. 2010 |

| | |
|---|---|
| Q.91 | शून्य-उत्सर्जन ट्रकिंग के लिए भारत के प्राथमिकता वाले गलियारों पर रिपोर्ट में शून्य-उत्सर्जन ट्रकों को अपनाने के लिए कितने महत्वपूर्ण राजमार्ग खंडों का चयन (Outline) किया गया है? |
| Ans | ✗ A. पाँच |
| | ✗ B. बारह |
| | ✗ C. आठ |
| | ✓ D. दस |

| | |
|---|---|
| Q.92 | 2025 में, कौन-सी योजनाएं, पूर्व एथलीटों को करियर बदलने में सहायता, वित्तीय सहायता और चिकित्सा लाभ प्रदान करेंगी? |
| Ans | ✗ A. NSFs और SAI |
| | ✗ B. राष्ट्रीय पुरस्कार और TOPS |
| | ✗ C. खेलो इंडिया और PYKKA |
| | ✓ D. RESET और पंडित दीनदयाल कोष |

| | |
|---|---|
| Q.93 | जनवरी 2025 तक, निम्नलिखित में से किस क्रिकेटर ने एकदिवसीय मैचों में किसी भारतीय महिला क्रिकेटर द्वारा सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाया? |
| Ans | ✔ A. स्मृति मंधाना |
| | ✘ B. प्रतीका रावल |
| | ✘ C. हरमनप्रीत कौर |
| | ✘ D. दीप्ति शर्मा |

| | |
|---|---|
| Q.94 | 12 जून 2025 को, भारत के किस बैंक ने KYC अपडेट को हैंडल करने करने के लिए वीडियो-आधारित पहचान की सुविधा देकर तथा व्यवसायिक संवाददाताओं को सशक्त बनाकर अपने ग्राहक को जानिए (KYC) अपडेट प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने हेतु एक प्रगतिशील कदम उठाया? |
| Ans | ✔ A. भारतीय रिजर्व बैंक |
| | ✘ B. भारतीय स्टेट बैंक |
| | ✘ C. इंडियन बैंक |
| | ✘ D. बैंक ऑफ इंडिया |

| | |
|---|---|
| Q.95 | अप्रैल 2025 में कांचा गाचीबोवली (Kancha Gachibowli) में वनोन्मूलन अभियान में किस प्रमुख शैक्षणिक संस्थान के निकट की भूमि को साफ करना शामिल था? |
| Ans | ✘ A. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद |
| | ✘ B. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल |
| | ✔ C. हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय |
| | ✘ D. उस्मानिया विश्वविद्यालय |

| | |
|---|---|
| Q.96 | UN सतत विकास समाधान नेटवर्क (SDSN) द्वारा प्रकाशित सतत विकास रिपोर्ट (SDR)-2025 के अनुसार, 193 UN सदस्य देशों में भारत की रैंक क्या है? |
| Ans | ✘ A. 89 |
| | ✔ B. 99 |
| | ✘ C. 109 |
| | ✘ D. 79 |

| | |
|---|---|
| Q.97 | 14 जून, 2025 को भारत के किस शहर में कमलेश पासवान ने गरुड़ एयरोस्पेस के नए कृषि-ड्रोन स्वदेशीकरण केंद्र का उद्घाटन किया? |
| Ans | ✔ A. चेन्नई |
| | ✘ B. विजयवाड़ा |
| | ✘ C. पुणे |
| | ✘ D. हुबली |

| | |
|---|---|
| Q.98 | किस इंग्लिश तेज गेंदबाज को रिकॉर्ड 704 टेस्ट विकेट के साथ संन्यास लेने के बाद अप्रैल 2025 में नाइटहुड से सम्मानित किया गया, जिससे वह टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के सर्वकालिक अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए? |
| Ans | ✘ A. स्टुअर्ट ब्रॉड |
| | ✘ B. डैरेन गॉफ़ |
| | ✘ C. एंड्रयू फ्लिंटॉफ |
| | ✔ D. जेम्स एंडरसन |

| | |
|---|---|
| Q.99 | भारतीय नौसेना ने किस अन्य देश की नौसेना के साथ मिलकर 10 जुलाई 2025 को अरब सागर में, मुंबई के निकट संयुक्त PASSEX अभ्यास किया? |
| Ans | ✘ A. इंडोनेशिया |
| | ✘ B. मलेशिया |
| | ✔ C. ग्रीस |
| | ✘ D. जापान |

| Q.100 | जनवरी 2025 में, खेल रत्न से सम्मानित, प्रवीण कुमार किस खेल से जुड़े हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. मुक्केबाजी (Boxing) |
| | ✗ B. निशानेबाजी (Shooting) |
| | ✓ C. पैरा-एथलेटिक्स (Para-Athletics) |
| | ✗ D. तीरंदाजी (Archery) |

"